पंजाब केसरी 23/09/24

विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से चुनावों के लिए चलाया जागरुकता अभियान

प्रतियोगिता के दौरान बनाए पोस्टर दिखाते गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 22 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पोस्टर मेकिंग गतिविधि के माध्यम से आम चुनावों के लिए जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में शिक्षित करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त और स्वीप समिति की संयोजक डा. सीमा कंसल के मार्गदर्शन में लगभग 34 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनावी जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए अपनी रचनात्मकता और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें विद्यार्थियों ने विचारशील एवं आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया के बारे में अपनी समझ का प्रदर्शन किया।

इस गतिविधि में डा. अंशु, डा. पिंकी गुप्ता, डा. के.के. पूनिया और डा. अनुराधा भी शामिल रहे।